आपका शिशु श्रवण शक्ति की पुनर्जांच या नैदानिक मूल्यांकन में पास हो गया

कृपया इस कागज़ को अपने शिशु की अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता या स्वास्थ्य क्लिनिक की अगली मुलाकात में अपने साथ लाएं।

आपके शिशु का नाम ______________________

आपके शिशु की जन्म तिथि ______________________

नवजात शिशु की श्रवण शक्ति की पुनर्जांच
या नैदानिक मूल्यांकन की तिथि ______________________

ऑडियोलॉजिस्ट का नाम ______________________

ऑडियोलॉजिस्ट का फ़ोन नंबर ______________________

इस्तेमाल किया गया परीक्षण:
- ☐ ओटोअकूस्टिक एमिशंस (Otoacoustic Emissions, OAE)
- ☐ ऑडिटरी ब्रेनस्टेम रिस्पॉन्स (Auditory Brainstem Response, ABR)

दायें कान की जाँच
- ☐ पास की
- ☐ पास नहीं की
- ☐ जाँच नहीं की

बायें कान की जाँच
- ☐ पास की
- ☐ पास नहीं की
- ☐ जाँच नहीं की

क्या कोई शिशु श्रवणशक्ति की जाँच में पास हो जाए तब भी उसकी श्रवण शक्ति कम हो सकती है?

हाँ, श्रवण शक्ति किसी भी समय बदल सकती है। अगर इस समय या भविष्य में कभी भी – आपके बच्चे के लिए इनमें से कोई भी कथन सच हो, तो अपने शिशु के स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से बात करें या किसी हेल्थ क्लिनिक से संपर्क करें:

- **मेरे शिशु के जन्मदाता माता-पिता या उनके परिवार के कोई करीबी सदस्य बहरे थे या उन्हें बचपन में सुनने में तकलीफ थी।**
- **मेरा शिशु अस्पताल के "NICU" या "PICU" में था – जिसे नवजात शिशु के लिए सघन देखभाल इकाई (neonatal intensive care unit) या बच्चों के लिए सघन देखभाल इकाई (pediatric intensive care unit) भी कहा जाता है।**
- **मेरे शिशु को एक्सचेंज ट्रांसफ्यूज़न दिया गया था – यह एक खास तरह का खून का ट्रांसफ्यूज़न होता है।**
- **मेरे शिशु के कान में कई संक्रमण हैं या हुए थे।**
- **मेरे शिशु को सिर पर चोट लगी है या लगी थी।**
- **मुझे नहीं लगता कि मेरा शिशु अच्छे से सुन सकता है।**
- **मुझे नहीं लगता कि मेरा शिशु अच्छे से बात कर सकता है।**
- **मेरे शिशु का व्यवहार इस कागज़ के पीछे दी हुई श्रवण शक्ति की जाँचसूची से अलग है।**

श्रवण शक्ति की जाँचसूची

यहाँ पर कुछ चीज़ें हैं जो अगर वह बहरा या श्रवण शक्ति में समस्या वाला न हो, तो कोई शिशु आम तौर पर कर सकता है:

जन्म से 3 महीने

- [ ] ध्वनि सुन कर चौंक जाता है
- [ ] माता-पिता या देखभाल करने वाले की आवाज़ से शांत हो जाता है
- [ ] आपकी आवाज़ की दिशा में अपना सिर घुमाता है

3 से 6 महीने

- [ ] आपकी आवाज़ को खोजने के लिए आँखें और सिर घुमाता है
- [ ] कई अलग-अलग आवाज़ें बड़बड़ाता है
- [ ] ध्वनि करने वाले खिलौनों को पसंद करता है

6 से 9 महीने

- [ ] अपने नाम को सुनकर प्रतिक्रिया देता है
- [ ] “नहीं” और “बाय-बाय” जैसे आसान शब्द समझता है
- [ ] “पा-पा” या “मा-मा” कहता है

9 से 12 महीने

- [ ] सरल शब्द और ध्वनियाँ दोहराता है
- [ ] “मा-मा” या “पा-पा” के अलावा 2 से 3 अन्य शब्द इस्तेमाल करता है
- [ ] माँगने पर खिलौने देता है
- [ ] संचार में सहायता के लिए चीज़ों की ओर उंगली से इशारे करता है

12 से 18 महीने

- [ ] 7 या अधिक सच्चे शब्दों का इस्तेमाल करता है – शिशु की बड़बड़ाहट को छोड़कर
- [ ] बोले जाने वाले सरल निर्देशों का पालन करता है
- [ ] कई चीज़ों को नाम से माँगता है

और जानकारी के लिए: **health.ny.gov/EHDI**

NEW YORK STATE | Department of Health